CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995



# प्रबंधन (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

अपने उत्तरों के समर्थन में, यदि आवश्यक समझें, आधार-सामग्री देकर इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख कीजिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

# MANAGEMENT (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिये :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) प्रबन्धन के विचारों के लिए एफ० डब्ल्यू० टेलर के योगदान का वर्णन कीजिये।

Enumerate the contribution of F. W. Taylor for management thought.

(b) प्रबन्धन में थियोरी 'X' तथा थियोरी 'Y' के प्रणेता कौन हैं? थियोरी 'X' तथा थियोरी 'Y' की क्या मान्यताएँ हैं?

Who is the propounder of Theory 'X' and Theory 'Y' in management? What are the assumptions underlying Theory 'X' and Theory 'Y'?

(c) प्रबन्धन में 'चयन करना' तथा 'निर्णयन' में अन्तर कीजिये। वास्तविक जीवन के उदाहरण सहित समझाइये।

Differentiate between 'choice making' and 'decision making' in management. Explain with real-life examples.

(d) 21वीं शताब्दी में मानव संसाधन प्रबन्धन द्वारा सामना की गई तीन चुनौतियों की चर्चा कीजिये।

Discuss three Human Resource Management challenges faced in the 21st Century.

(e) गैर-मौद्रिक क्षतिपूर्ति तथा लाभ क्या हैं जिन्हें आप कर्मचारी की उत्पादकता वृद्धि के लिए सुझाएँगे?

What non-monetary compensation and benefits will you devise to increase employee productivity?

2. (a) 'उद्यमी' शब्द को परिभाषित कीजिये। एक सफल उद्यमी के अत्यावश्यक प्रबन्धकीय कौशलों को समझाइये।

Define the term 'entrepreneur'. Explain the essential managerial skills for a successful entrepreneur. 15

(b) निर्णयन प्रक्रिया को संगठनात्मक संस्कृति कैसे प्रभावित करती है? अपने उत्तर की पुष्टि में उपयुक्त उदाहरण दीजिये।

How does organizational culture influence the decision-making process? Give suitable examples to substantiate your answer. 15

(c) एक सरकारी संगठन में कर्मचारियों के विभिन्न संवर्गों की प्रशिक्षण आवश्यकता का मूल्यांकन आप कैसे करेंगे?

How will you assess the training need of different categories of employees in a government organization? 20

3. (a) "व्यवहार एक समस्या है।" बोधात्मक टिप्पणी कीजिये।

"Behaviour is a problem." Comment as perception. 15

(b) कार्य विश्लेषण तथा कार्य मूल्यांकन कैसे बेहतर निष्पादन करते हैं?

How do job analysis and job evaluation enable better performance? 15

(c) 'गुणवत्ता चक्र' से क्या आशय है? उत्पादकता पर गुणवत्ता चक्र के प्रभाव को स्पष्ट कीजिये।

What is meant by 'quality circles'? Explain the impact of quality circles on productivity. 20

4. (a) कार्य तनाव के क्या कारण हैं? कर्मचारियों का मनोबल उत्पादकता को कैसे प्रभावित करता है?

What are the causes of work stress? How does employees' morale affect productivity? 15

(b) 'सोद्देश्य प्रबन्धन' (एम० बी० ओ०) की समस्याओं एवं सीमाओं को ध्यान में रखते हुए उस पर एक लेख लिखिये।

Write a note on 'Management by Objectives' (MBO), bringing out its problems and limitations. 20

(c) एक प्रशासक किसी संगठन की सांस्कृतिक विविधता को कैसे प्रबन्धित करता है?

How does an administrator manage cultural diversity in any organization? 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिये :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) व्यूहरचनात्मक मूल्यांकन तथा नियन्त्रण प्रक्रिया के कदमों का वर्णन कीजिये।

Describe the steps in strategic evaluation and control process.

(b) इन्टरनेट युग में विपणन की क्या भूमिका है? कौन-सा उपभोक्ता-वर्ग तथा कौन-सा उत्पाद का प्रकार ऑनलाइन विपणन पर हावी रहते हैं?

What is the role of marketing in the Internet era? Which segment of consumers and what kind of products dominates online marketing?

(c) ''वित्त प्रबन्धक हमेशा तरलता बनाम लाभदायकता में दुविधा का सामना करता है।'' तरलता एवं लाभदायकता की धारणा को स्पष्ट कीजिये।

"Finance manager is always faced with the dilemma of liquidity vs. profitability." Explain the concept of liquidity and profitability.

(d) मूल्य-आधारित प्रबन्धन क्या है? 'मूल्य चालकों' (वैल्यू ड्राइवर्स) तथा 'मुख्य प्रबन्धकीय प्रक्रियाओं' (की मैनेजरियल प्रोसेसेस) को स्पष्ट कीजिये।

What is value-based management? Explain the 'value drivers' and 'key managerial processes'.

(e) आर्थिक चिट्ठा तथा लाभ-हानि खाता क्या होते हैं? आधारभूत लेखांकन के सिद्धान्त क्या हैं?

What are Balance Sheet and Profit and Loss Account? What are the fundamental accounting principles?

6. (a) लागत लेखांकन धारणाओं को स्पष्ट कीजिये। बजटीय नियन्त्रण में इसके क्या अनुप्रयोग हैं?

Explain cost accounting concepts. What are its applications in budgetary control? 15

(b) कीमत व्यूहरचनाओं की विभिन्न विधियाँ क्या हैं? लागत-आधारित कीमत तन्त्र के क्या अवगुण हैं?

What are various methods of pricing strategies? What are the demerits of cost-based pricing mechanism? 15

(c) 'सम-विच्छेद विश्लेषण' क्या है? 'सुरक्षा का हाशिया' (मार्जिन ऑफ सेफ्टी) तथा 'घटना का कोण' (ऐंगल ऑफ इन्सिडेन्ट) पदों को एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिये।

What is 'break-even analysis'? Explain with an example the terms 'margin of safety' and 'angle of incident'. 20

7. (a) 'शून्य-आधारित बजटन' क्या है? इसके क्या अनुप्रयोग हैं? क्या आप सोचते हैं कि भारतीय वित्त प्रणाली में इस धारणा को प्रयोग में लाया जा सकता है?

What is 'zero-based budgeting'? What are its applications? Do you think this concept can be used in the Indian financial system? 15

(b) वित्तीय जोखिम एवं प्रत्याय की धारणा को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।

Explain with examples the concept of financial risk and return. 15

(c) वे कौन-से मैक्रो-कारक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रचलित हैं जिनसे विलय (मर्जर) तथा अर्जन (एक्विजिशन) किया जाता है?

What are the macro-factors prevailing in the global economy that lead to mergers and acquisitions? 20

8. (a) अपनी विकासात्मक योजनाओं को लागू करने के लिए विपणन की विभाजन एवं लक्ष्यीकरण धारणाओं के बारे में भारत सरकार को क्या सुझाव दिये जा सकते हैं? विशिष्ट योजनाओं और उनके लाभार्थियों को बताइये।

How could Government of India devise segmentation and targeting concepts of marketing to deliver its developmental schemes? Specify particular schemes and their beneficiaries. 20

(b) उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Critically examine the role of voluntary organizations in protecting consumers' rights. 15

(c) 'ध्यानाकर्षण' (व्हिसल-ब्लोइंग) क्या है? भारत में ध्यानाकर्षकों (व्हिसल-ब्लोअर) के संरक्षण हेतु क्या कदम उठाये गये हैं?

What is 'whistle-blowing'? What steps have been taken to protect whistle-blowers in India? 15

★★★